हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
**रोहतक**, रविवार, 2 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

11 जिले में रही हरियाणा दिवस की धूम, बच्चों ने बांधा समां



12 नशा मनुष्य के जीवन को करता है बर्बाद : एसीपी



## खबर संक्षेप

### क्रेटा में पेट्रोल भरवाकर युवक फरार, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव गामड़ी स्थित पेट्रोल पंप से क्रेटा गाड़ी में सवार युवक तेल भरवाकर बिना भुगतान के फरार हो गए। गाड़ी सवार युवकों ने सेल्समैन को पेटीएम पर भुगतान का फर्जी मैसेज दिखाया। पंप के मालिक की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

शहर में पुराना बस स्टैंड के निकट रहने वाले अनुज ने पुलिस को बताया कि उसने गोहाना-गन्नौर मार्ग स्थित गांव गामड़ी के निकट श्री राम सिंह फ्यूल के नाम से पंप लगा रखा है। पंप पर क्रेटा गाड़ी आई, जिसमें तीन युवक सवार थे। उन्होंने सेल्समैन दीपक से शुरूआत में गाड़ी में दो हजार रुपये का पेट्रोल भरने का कहा। सेल्समैन ने इतने रुपये का पेट्रोल भर दिया। इसके बाद दो हजार रुपये का और पेट्रोल भरवाया गया। कुल चार हजार रुपये का पेट्रोल भरवाया। उसके बाद भुगतान को लेकर नाटक किया। सेल्समैन को पेटीएम पर भुगतान का फर्जी मैसेज दिखाया और गाड़ी लेकर फरार हो गए।

### महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**गोहाना।** सदर थाना क्षेत्र के गांव में एक महिला को उसके पति ने पड़ोसी महिलाओं के साथ मिलकर डंडों से पीटा। उसका गला भी दबाया गया। उसे नागरिक अस्पताल से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसके पति व सास ने उससे मारपीट की व जान से मारने की धमकी। शुक्रवार को वह घर के बाहर खड़ी थी और प्लाट की तरफ जाने लगी तो उसके पति, पड़ोस की एक लडक़ी और महिला ने उसका रास्ता रोक लिया। पति ने उसे डंडों से पीटा और एक महिला ने उसका गला दबाया। महिला उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंची, जहां से उसे बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सूने मकान से आभूषण और नकदी चोरी

**गन्नौर।** अगवानपुर रोड स्थित एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये के आभूषण, नकदी और सामान चोरी कर ले गए। पीड़िता ने गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में अगवानपुर रोड निवासी कविता ने बताया गया कि 30 अक्टूबर को वह अपनी बेटी का पेपर दिलाने के लिए घर पर ताला लगाकर गई थीं। जब वह वापस लौटीं तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि घर से 42 हजार रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी, चार चांदी की अंगूठियां, चार जोड़ी पायल, तीन तोले की सोने की चेन, एलईडी टीवी, दो कंबल, पांच किलो देसी घी व अन्य सामान चोरी मिला।

---

आपाकालीन कक्ष के मुख्य गेट के साथ लगते पार्क के पास बनेगा केंद्र

## नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड केंद्र होगा स्थानांतरित, भीड़भाड़ से मरीज थे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल सोनीपत में मरीजों की बढ़ती संख्या और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब अल्ट्रासाउंड केंद्र को नई जगह स्थानांतरित किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से इसके लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। फिलहाल यह केंद्र ओपीडी नंबर 51 के हाल में संचालित है, जहां रोजाना लगभग 150 से 200 मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जाते हैं। भीड़भाड़ और सीमित जगह के कारण लंबे समय से मरीजों को जांच के लिए इंतजार करना पड़ता था। अब अस्पताल प्रशासन ने अल्ट्रासाउंड केंद्र को अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक स्थान पर स्थापित करने का निर्णय लिया है। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि नए केंद्र में आधुनिक अल्ट्रासाउंड कैमरा (मशीन) लगाया जाएगा, जिससे जांच प्रक्रिया और अधिक सटीक एवं तेज़ होगी। साथ ही, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षारत मरीजों के बैठने के लिए स्लैब व बेंच भी बनाए जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, नए केंद्र के शुरू होने से मरीजों को भीड़ और असुविधा से काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही, अल्ट्रासाउंड जांच की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा और रिपोर्ट समय पर उपलब्ध हो सकेगी। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



### मरीजों व गर्भवती के लिए शेड के नीचे बैंच तैयार किए जा रहे

ओपीडी में मरीजों की संख्या ज्यादा है। इमारत में कम जगह होने के चलते अल्ट्रासाउंड केंद्र को कमरा नंबर-51 से आपाकालीन कक्ष के मुख्य गेट के साथ लगते पार्क के पास स्थानांतरित किया जा रहा है। मरीजों व गर्भवती महिलाओं के लिए शेड के नीचे बैंच तैयार किए जा रहे है। ताकि किसी प्रकार की परेशानी मरीजों को न हो।
- डा. ज्योत्सना, प्रधान चिकित्सक अधिकारी

---

## रायपुर में घर के बाहर खेल रही मासूम को वाहन ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के रायपुर गांव में उस समय मातम छा गया जब घर के बाहर खेल रही एक साल की मासूम बच्ची को एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वहां से तेज रफ्तार में एक वाहन गुजरा और उसने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सेक्टर-27 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल सोनीपत में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### केस दर्ज, पुलिस ने खंगाले गांव के सीसीटीवी कैमरे



पुलिस ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की गलियों में स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

---

स्ट्रीट डॉग का आंतक- घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर हमला, बहने लगा खून

## कुत्तों ने एक ही दिन में दो बच्चों व एक युवक को काट खाया, पीजीआई रेफर

**गन्नौर।** शहर इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से जूझ रहा है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि एक ही दिन में दो बच्चों पर एक युवक पर कुत्तों ने हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। घायलों के परिजन जब शनिवार को उन्हें लेकर उपमंडल अस्पताल में लेकर गन्नौर पहुंचे, तो डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया। 7 वर्षीय इजहाम, 10 वर्षीय विशाल पुत्र रामचंद्र, और 17 वर्षीय यश पुत्र सुखराम अपने घरों के आसपास खेल रहे थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। तीनों को इतनी बुरी तरह काटा गया कि उनके शरीर के कई हिस्सों से खून बहने लगा। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बच्चों को बचाया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। उपमंडल अस्पताल गन्नौर के स्टाफ के अनुसार, हर दिन कुत्तों के काटने का इलाज करवाने के लोग पहुंच रहे है। इस समय शहर में आवारा कुत्तों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है।

लोग बोले गलियों में घूम रहे डॉग के झुंड के झुंड

सात साल के इजहाम, दस साल के विशाल व यश को काटा



### तीनों की शरीर पर गहरे घाव

*डॉक्टरों ने बताया कि तीनों घायलों के घाव गहरे हैं और संक्रमण का खतरा अधिक है। उन्हें तुरंत एंटी रैबिज इंजेक्शन लगाया गया, लेकिन पूरी तरह सुरक्षित रहने के लिए उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा की आवश्यकता है। इसलिए तीनों को पीजीआई खानपुर रेफर किया गया।*

### एंटी रैबिज वैक्सीन लगाने की व्यवस्था नहीं

लोगों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा समय-समय पर आवारा कुत्तों को पकडने या उन्हें एंटी रैबिज वैक्सीन लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग की ओर से यह स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि शहरी क्षेत्रों में कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण नियमित रूप से होना चाहिए। प्रशासन को तुरंत प्रभाव से कुत्तों की पकडने की कार्रवाई शुरू करे और सभी को रैबिज-रोधी टीके लगाए जाएं।

### बच्चों को अकेला खेलने न भेजे : राठी

डॉक्टर वीपी राठी ने बताया कि यदि किसी को कुत्ता काटे तो तुरंत घाव को साबुन और पानी से कम से कम 10 मिनट तक धोएं, उसके बाद तुरंत अस्पताल जाकर एंटी रैबिज इंजेक्शन लगवाएं। देरी करने पर संक्रमण जानलेवा हो सकता है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करें कि कुत्ते के काटने की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी जाए ताकि आवश्यक निगरानी की जा सके। सभी लोग स्वयं भी सतर्क रहें, बच्चों को अकेले बाहर खेलने न भेजें।

---

गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे थे

## नशीले पदार्थ की खेप के साथ दो युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



जिले के थाना कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त दो आरोपितों को गांजा सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गोपाल निवासी गांव रायपुर, जिला सोनीपत और राहुल निवासी खान कॉलोनी, सोनीपत के रूप में हुई है। थाना कुंडली पुलिस टीम के उपनिरीक्षक जितेंद्र अपने साथियों के साथ बारोटा-छतेहरा रोड रेलवे पुल के पास गश्त पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर शराब ठेका बारोटा के पास बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत छापा मार कार्रवाई की। मौके पर संदिग्ध अवस्था में खड़े दो युवकों को काबू किया गया, जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम गोपाल और राहुल बताए। तलाशी के दौरान गोपाल की जैकेट की जेब से एक पारदर्शी पॉलिथीन में 2.75 ग्राम गांजा, जबकि राहुल की पैंट की जेब से 1.59 ग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों आरोपित मादक पदार्थ के लिए कोई लाइसेंस या अनुमति नहीं दिखा सके। पुलिस ने बरामद गांजा को कब्जे में लेकर मादक द्रव्य पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई संजय की टीम द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---

पुलिस ने सामान बरामद किया, अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा

## घर में घुसकर बाइक, मोबाइल, लैपटॉप व अन्य सामान चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, केस

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने घर में घुसकर मोटरसाइकिल, मोबाइल, लैपटॉप, स्टिरियो और नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनीष निवासी शाहपुर तुर्क, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 27 अक्तूबर को राजन निवासी नई दिल्ली (हाल निवासी गांव शाहपुर तुर्क) ने थाना मुरथल में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर में चोरी हुई है। शिकायत के अनुसार, रात के समय अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर लैपटॉप, मोटरसाइकिल, स्टिरियो जेबीएल स्पीकर और पड़ोसी सचिन पुत्र राय सिंह के घर से एक मोबाइल फोन व 1500 रुपये नकद चोरी करके ले गया।

### आरोपी की क्राइम कुंडली खंगाल रही पुलिस



इस संबंध में थाना मुरथल पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की टीम, मुख्य सिपाही अजय के नेतृत्व में, लगातार सुराग जुटा रही थी। तकनीकी व गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपित मनीष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरीशुदा मोटरसाइकिल, मोबाइल, लैपटॉप और स्टिरियो बरामद कर लिए हैं। गिरफ्तार आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपित के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

---

## चाकू मारकर युवक की हत्या के आरोप में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट पुलिस ने चाकू मारकर युवक की हत्या करने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जतिन निवासी भठगांव (जिला सोनीपत) और दीपक निवासी बहरोड़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 4 अक्टूबर सत्यनारायण निवासी रिठाल, जिला रोहतक ने थाना सिविल लाइन, सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसका छोटा बेटा मंदीप रोजाना पढ़ाई के लिए गैलेक्सी कोचिंग सेंटर, सुभाष चौक जाता था। 4 अक्टूबर की दोपहर लगभग ढाई बजे सूचना मिली कि कुछ युवक, जो बाइक और कार में सवार थे, ने सारंग रोड स्थित हांडा हॉस्पिटल के सामने मंदीप पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए।

### हत्याकांड के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी पुलिस



*घायल मंदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान सीआईए-1 की टीम, उपनिरीक्षक आजाद के नेतृत्व में, पहले ही छह आरोपितों मोनू उर्फ कैरा, देव, सागर, अंकुश, हर्ष और आकाश उर्फ हैप्पी को गिरफ्तार कर चुकी थी। अब पुलिस ने अन्य दो फरार आरोपितों जतिन और दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।*

---

किसी भी प्रकार के भेदभाव का विरोध

## विश्व शांति व मानव कल्याण के लिए निकाली शांति यात्रा

**गन्नौर।** विश्व कल्याण और मानवता की भलाई के उद्देश्य से दास धर्म (लोनी) की ओर से एक भव्य शांति यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा गन्नौर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए प्रजापति चौक पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से शांति पाठ किया। बाबा प्रेम प्रधान के नेतृत्व में गन्नौर क्षेत्र की संगतों और दास धर्म के युवाओं ने भाग लिया। सभी ने मिलकर विश्व शांति और मानव कल्याण की मंगल कामना की। कार्यक्रम के दौरान सतगुरू महाराज दर्शन दास के उपदेशों और जीवन सिद्धांतों को स्मरण किया गया।



### शांति का संदेश दिया

श्रद्धालुओं ने बताया कि महाराज ने अपने जीवन को देश प्रेम, मानवता और शांति के प्रसार के लिए समर्पित किया था। उन्होंने कट्टरवाद और भेदभाव के विरोध में अपने प्राणों की आहुति दी, जिससे उनका बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे महाराज के आदर्शों पर चलकर समाज में भाईचारा, प्रेम का संदेश फैलाएंगे।

---

पुलिस आयुक्त ने किया वन स्टॉप सेंटर का दौरा

## बच्चों संग समय बिताया, लौह पुरुष सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने शनिवार शाम वन स्टॉप सेंटर, एटलस रोड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में रह रहे बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके साथ समय बिताया। पुलिस आयुक्त ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना ही देश को सशक्त बनाती है। उन्होंने सभी से वादा लिया कि वे सदैव देश की अखंडता, एकता और प्रगति के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प, सेवा और एकजुटता का प्रतीक है, जो हमें हर कठिनाई को पार करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (पूर्वी जोन एवं मुख्यालय) प्रबीना पी., पुलिस उपायुक्त (गोहाना) भारती डबास, पुलिस उपायुक्त (क्राइम) नरेंद्र कादयान, सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजीत सिंह, वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पुलिस आयुक्त ने सेंटर के स्टाफ को महिलाओं और बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में ममता सिंह ने सभी बच्चों और स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।



**सोनीपत।** सेंटर पहुंचे पुलिस अधिकारी व अन्य।

---

## मेयर ने चलाया क्लीन सिटी अभियान, लोग भी जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह बाबा खाटू श्याम ने भगवान श्री कृष्ण के पार्टी पूर्ण समर्पण का भाव दिखाया उसी तरह का भाव हमारे अंदर स्वच्छता को लेकर होना चाहिए तभी पूर्ण स्वच्छता का सपना साकार हो सकेगा। राजीव जैन के नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता अभियान के तहत शनिवार को खाटू मंदिर सोनीपत धाम के निकट पड़े कूड़े को उठवाया गया। आज का दिन एकादसी एवं खाटू श्याम का जन्मोतस्व के उपलक्ष में कालूपुर चुंगी से लेकर नई अनाज मंडी, मोहन नगर, फ्लाई ओवर तक सड़क किनारे पड़े कूड़े को उठवाया गया। उन्होंने मंदिर में आने वाले श्याम भक्तों से भी दर्शन के बाद स्वच्छता का ध्यान रखने की अपील की।

### खाटू श्याम मंदिर के आसपास चलाया गया स्वच्छता अभियान



राजीव जैन ने खाटू श्याम मंदिर में आयोजित कीर्तन में भी पहुंचकर आशीर्वाद लिया और कहा कि खाटू श्याम ने धर्म का साथ देकर अपने शीश का दान देकर दुनिया के सामने भगवान के पार्टी समर्पण त्याग की मिसाल पेश की इसलिए आज उनकी चारों तरफ पूजा हो रही है। उन्होंने बाबा के चरणों में सभी के कल्याण की कामना की। मेयर जैन ने कहा की सोनीपत में खाटूश्याम मंदिर के निर्माण से आसपास के भक्तों का कल्याण हुआ है। उन्होंने कहा की भक्त निशान यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो रही हैं।

## खबर संक्षेप



### चैंपियंस ऑफ चेंज कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में "चैंपियंस ऑफ चेंज" नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वर्ग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न विषयों से संबंधित अपने नए-नए विचार प्रस्तुत किए। अधिकतर छात्रों ने बिज़नेस की नई रणनीतियों और नवाचारपूर्ण विचारों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज शर्मा तथा रीमा शर्मा उपस्थित रहे।

### वेद प्रचार सप्ताह का छठा दिन संपन्न

**सोनीपत।** आर्य समाज मॉडल टाउन, सोनीपत में चल रहे सप्तदिवसीय दिव्य वेद आध्यात्मिक सत्संग एवं वेद प्रचार सप्ताह के छठे दिवस का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान अर्जुन देव दुरेजा ने की, जबकि यज्ञीय अनुष्ठान का ब्रह्मत्व आचार्य वेदनिष्ठ उषर्बुध ने निभाया। इस अवसर पर आचार्य सतन देव सत्यम ने सामवेद की वेदवाणी का मधुर एवं प्रभावशाली पाठ किया।

## दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में हरियाणा ने दिल्ली टीम को हराया

# दिव्यांग खिलाड़ी साबित कर रहे, हौसले से बड़ी कोई ताकत नहीं : विधायक

**टूर्नामेंट में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की टीमों ने हिस्सा लेकर प्रतिभा का किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान प्रतिभागी व विजेता टीम के साथ।

हरियाणा दिवस के अवसर पर शनिवार को एसएफसी क्रिकेट एकेडमी मुरथल में दो दिवसीय केसरी दिव्यांग टी-20 क्रिकेट कप का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दिल्ली टीम को मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स ने स्पॉन्सर किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्य अतिथि के रूप में टॉस उछालकर किया। आयोजक सुनील पहलवान, दीपक अंतिल और कृष्ण मलिक ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और एकता की भावना पैदा करता है। कादियान ने यह भी कहा कि सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करें। इस मौके पर एसीपी अमित धनखड़, ओलंपिक मेडलिस्ट रवि दहिया, राजा पहलवान, कृष्ण बैंयापुर, सुमित मलिक, सतेंद्र मलिक (भारत केसरी) और कोच कुलदीप सहित कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं। जिन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### अजय मैन आफ दी मैच घोषित

शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को रोमांचक मुकाबले में मात दी। टॉस जीतकर हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन बनाए। अजय बिड्डू ने 9 गेंदों पर शानदार 52 रन ठोके। जवाब में दिल्ली टीम 18ओवर में 14 रन पर सिमट गई। लक्की रावत ने 2 गेंदों पर 64 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।अजय बिड्डू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार, 2 नवम्बर को खेला जाएगा। विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार का इनाम दिया जाएगा।

### जेपी डीएवी स्कूल राष्ट्रीय कबड्डी शिविर का आयोजन



गन्नौर। डीएवी राष्ट्रीय कबड्डी शिविर के प्रतिभागी स्कूल प्रधानाचार्य सुनी शर्मा व कोच के साथ।

**गन्नौर।** डीएवी राष्ट्रीय कबड्डी शिविर का जंयती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल, गन्नौर में किया गया। विभिन्न जिलों के 13 से अधिक डीएवी विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में कबड्डी कौशल, खेल भावना और टीमवर्क को विकसित करना था ताकि वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार हो सके। वातावरण जोश और उमंग से भरा हुआ था, जब युवा खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और खेल के प्रति जुनून का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने अपनी प्रेरणादायी बातों से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें समर्पण, आत्मविश्वास तथा सच्ची टीम भावना के साथ खेलों को अपनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने सभी सहभागी विद्यालयों और प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। युवाओं में खेल भावना और एकता को निरंतर बढ़ावा देने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

## नशा मनुष्य के जीवन को करता है बर्बाद : एसीपी



सोनीपत। बच्चों के साथ एसपी जीत सिंह व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा पुलिस की ओर से एसीपी जीत सिंह के नेतृत्व में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खेल परिसर में नशा मुक्ति को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। एसीपी जीत सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को नशीले पदार्थों और ड्रग्स आदि से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी देश के भविष्य हैं। पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ और नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो। उन्होंने इस मौके पर किशोर व युवाओं को नशा मुक्त, सुरक्षित व जागरूक समाज के निर्माण को लेकर संकल्प दिलाया। इस दौरान थाना सदर एसएचओ अशोक कुमार, एसआई अजमेर, एसआई मुकेश, एचसी रणबीर सिंह, स्कूल के खेल इंचार्ज संजीत आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

### योग स्पर्धा में दून स्कूल के मेधावी छाए

**गोहाना।** जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। शनिवार को विजेताओं को स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार ने सम्मानित किया। अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। 29 से 31 अक्तूबर तक जेपी जैन पब्लिक स्कूल सोनीपत में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दून पब्लिक स्कूल के लड़कों और लड़कियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन के आधार पर स्कूल की छात्रा वंशिका मलिक और अनाया का राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयन कर लिया गया। शनिवार को स्कूल में हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने कहा कि हरियाणा दिवस हमारी गौरवशाली परम्पराओं और परिश्रम की भावना का प्रतीक है।



## गैस एंजेसी के कर्मचारियों व डिलवरी मैन ने निकाली जागरुकता रैली

- गन्नौर गैस एंजेसी संचालक मुकेश व जितेन्द्र दहिया ने लोगों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सर्तकता जागरूकता को लेकर गन्नौर में गन्नौर गैस एंजेसी द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली में बधवार, प्रीति, श्री कृष्णा एजेंसी के भी कर्मचारियों व डिलवरी मैन ने हिस्सा लिया। रैली को रवाना करने से पूर्व लोगों को संबोधित करते हुए गन्नौर गैस एंजेसी के संचालक मुकेश शर्मा व जितेन्द्र दहिया ने कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन और आम जनता में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया।



गन्नौर। लोगों को जागरूक करने के लिए कर्मचारी व डिलवरी मैन रैली निकालते हुए।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ लडाई की शपथ दिलाई

रैली केंद्र सरकार द्वारा 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हिस्सा थी। रैली से पहले कर्मचारियों व डिलवरी मैन को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की शपथ दिलाई गई। रैली गढ़ी केसर गैस गोदाम से शुरू होकर बाजार से होती हुई वापिस गोदाम पर आकर समाप्त हुई। कर्मचारियों ने रिश्वतखोरी के खिलाफ तख्तियाँ लेकर जोरदार नारे लगाए। जितेन्द्र दहिया ने कहा कि अभियान के तहत, नागरिकों को भ्रष्टाचार की घटनाओं की सूचना देने के लिए प्रेरित किया व विजिलेंस ब्यूरो की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अन्य गैस एंजेसी के संचालक भी मौजूद रहे।



गोहाना। किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करते हुए अधिकारी।

### किसान प्राकृतिक खेती को अपनाएं

**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खंड कृषि कार्यालय मुंडलाना में प्राकृतिक खेती पर किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में किसानों को फल, फूल और सब्जियों की प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने की। बागवानी विभाग से रजत कुमार ने कहा कि रासायनिक खेती पर्यावरण, जमीन और स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। किसान रासायनिक खेती के स्थान पर जैविक खेती अपनाएं। किसान फल, फूल और सब्जियों की प्राकृतिक खेती करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. विपिन ने कहा कि किसान जीवामृत तैयार कर उसका फसलों में उपयोग कर कम खर्च में अच्छी पैदावार ले सकते हैं। गांव बरोदा के प्रगतिशील किसान संजीव मोर ने गाय के मल-मूत्र को खाद के रूप में इस्तेमाल करने की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में बीटीएम अमित, एटीएम मुकेश, एफएम प्रवीन, रविंद्र, सुपरवाइजर अजीत और सोमबीर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बरोदा, बिचपड़ी, मुंडलाना, जागसी, गंगेसर और खन्दराई के किसानों ने भाग लिया।

## गोहाना हलके में विकास पर खर्च होंगे 1.72 करोड़ रुपये

**एचआरडीएफ योजना के तहत होंगे 11 विकास कार्य**

- पहली किश्त के तौर पर पंचायत विभाग को मिले 90 .38 लाख रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

प्रदेश सरकार द्वारा गोहाना हलका क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 1 करोड 72 लाख 18 हजार रूपए की सौगात दी है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत गोहाना विधानसभा में 11 विकास कार्यों पर खर्च होने वाली राशि की पहली किश्त 90 लाख 38 हजार रुपए पंचायत विभाग को प्राप्त हो गई है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विकास कार्यों के लिए शीघ्र टेंडर लगाए जाएं, ताकि जल्द से जल्द लोगों को विकास कार्यों का लाभ मिल सके।

### इन जगहों पर होंगे कार्य



डॉ. अरविंद शर्मा।

गांव जौली में पक्की चौपाल के निर्माण के लिए 37 लाख 54 हजार रूपए, गांव दोदवा में चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए 22 लाख 88 हजार रूपए, गांव गढी सराय नामदार खां में गांव की फिरनी से खानपुर रोड पर जोहड व श्मशान घाट तक गली निर्माण के लिए 20 लाख 81 हजार रूपए व एससी चौपाल में शौचालय व स्नानघर निर्माण के लिए 14 लाख 24 हजार रूपए, गांव सलीमसर माजरा में फिरनी निर्माण के लिए 19 लाख 58 हजार रूपए, गांव गढी उजाले खां में बीसी चौपाल के जीर्णोद्धार के लिए 14 लाख 70 हजार रूपए व एससी चैपाल के जीर्णोद्धार के लिए 9 लाख 80 हजार रूपए, गांव वजीरपुरा में मंदिर से बरोदा रोड तक गली निर्माण के लिए 13 लाख 61 हजार रूपए, गांव जाजी में रात्रिप्रकाश व्यवस्था के लिए 10 लाख 44 हजार रूपए, गांव गुढा में सामान्य चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए 4 लाख 93 हजार रूपए व गांव भठगांव माल्यान में हरिजन चौपाल के अधूरे काम को पूरा करवाने के लिए 3 लाख 65 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं।

### जीडी गोयंका में धूमधाम से मनाया हरियाणा दिवस

**राई।** जी. डी. गोयंका इंटरनेशनल स्कूल हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। विद्यालय परिसर में शुक्रवार की शाम को आयोजित कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति, लोक संगीत और परंपराओं की रंगीन छटा से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्रधानाचार्या निधि जैन द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, लोकनृत्य, और इतिहास पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। रागनीझूमर जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा के वीरों, किसानों और खिलाड़ियों के योगदान पर सुंदर भाषण और कविताएँ प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से हरियाणवी बोली में कार्यक्रम का मंच संचालन करने की कला ने छात्रों में राज्य के प्रति गर्व और आत्मीयता की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हरियाणा दिवस के इस अवसर पर राज्य की उन्नति और समृद्धि के लिए मिलकर योगदान देने का संकल्प लिया।



गन्नौर। हरियाणवी संस्कृति को दर्शाने वाले प्रतिभागी छात्र।

### बच्चो ने चाइल्ड केयर स्कूल के रंगारंग कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति को दर्शाया

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल अहीर माजरा गांव में बच्चो द्वारा रंगारंग द्वारा हरियाणवी संस्कृति को दर्शाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय यादव ने दीप प्रजलवित कर किया। प्राइमरी विभाग के बच्चो ने हरियाणवी संस्कृति के मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी लगाई। उच्च विभाग ने हरयाणवी गानों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी माता पिता ने बच्चो के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की।इस अवसर पर प्रबंधक पूजा यादव ने सभी अभिभावकों का आभार जताया। मंच संचालन की भूमिका तनु यादव के साथ ललिता ,कशिश,नैंसी ने किया।शिक्षिका दुबे, पूनम, उमा, रीना, रचना, करण, दीपक, मोहित, प्रिंस ने मिलकर कार्यक्रम को सफल किया।

### भाजपा नेता ने आग से क्षतिग्रस्त हुई दुकान का किया निरीक्षण

**गन्नौर।** शिव पार्क के सामने स्थित दुकान में हाल ही में लगी आग की घटना के बाद शनिवार को भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित दुकानदार दिनेश कुमार से मुलाकात कर उसकी समस्याओं की जानकारी ली और नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान कौशिक ने कहा कि सरकार संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है और आग से प्रभावित दुकानदार को पुनः अपने व्यवसाय को शुरू करने में पूरी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का मूल्यांकन शीघ्र पूरा कर राहत सहायता उपलब्ध कराई जाए।इस अवसर पर भूषण हसीजा, रजनीश त्यागी सहित कई दुकानदार उपस्थित रहे।



## रक्तदाता वास्तव में होता जीवनदाता : गहलावत

- राय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल मे विधायक कृष्णा गहलावत ने रक्तदान शिविर का किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। विधायक कृष्णा गहलावत को पौधा देकर सम्मान करते एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डा.मनोज राय।

नेशनल इंटेग्रेटिड मेडीकल एसोसिएशन द्वारा शनिवार को मुरथल के राई मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ विधायक कृष्णा गहलावत ने दीप प्रज्जवलित करके किया। शिविर में निदान अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 91 यूनिट रक्तदान किया। नेशनल इंटेग्रेटिड मेडीकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. मनोज राय, संयोजक डा. मनोज चौहान, सहसयोजक अरविन्द्र गौतम, उपप्रधान डा. संजय सेहरा, डा. ओपी चौधरी, विद्याभूषण चौधरी ने विधायक कृष्णा गहलावत का शिविर के शुभारम्भ पर पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए कहा िकि रक्तदान वह अमूल्य दान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नई जिंदगी देने का सामर्थ्य रखता है। यही कारण है कि हर रक्तदाता वास्तव में एक जीवनदाता होता है। रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाएं।

#### आयोजक की सराहना की

विधायक गहलावत ने शिविर के आयोजन पर नेशनल इंटेग्रेटिड मेडीकल एसोसिएशन के प्रधान डा. मनोज राय की सराहना की। डा. मनोज राय ने कहा कि शिविर में सामाजिक समसरता का परिचय देते हुए सभी ने रक्तदान किया।

#### इन्होने संभाली कमान

शिविर की व्यवस्था में ट्यूलिप अस्पताल डा. दीपक शर्मा, डा. तुषार राय, डा. वीना राय, डा. तृप्ला राय ने संभाली।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज,भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल, महासचिव नीरज ठरू, तरूण देवीदास, नवीन मंगला आदि मौजूद थे।

**धर्म-कर्म** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने फरमाया सतसंग

## भक्तिभाव से गूंजा 78वां निरंकारी सन्त समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। प्रवचन करती सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज।

हमें अपने वास्तविक स्वरूप की पहचान करने के लिए परम अस्तित्व परमात्मा को जानना जरूरी है क्योंकि ब्रह्मबोध से ही आत्मबोध सम्भव है। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित चार दिवसीय 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के पहले दिन देश-विदेश से आये हुए लाखों के श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। देश के कोने कोने से एवं विश्व के विभिन्न भागों से अलग अलग संस्कृतियों की पृष्ठभूमि से आये भक्तों के प्रेमपूर्ण मिलन से आत्ममंथन का भाव गूंज उठा। सतगुरु माता ने आगे कहा कि संसार में विभिन्न धर्म हैं और हर किसी की अपनी अपनी आस्था है; पर हर कोई एक ही सत्य की बात कर रहा है। वास्तव में यह एक निराकार परमात्मा ही है जो सदैव रहने वाला सत्य है। यही सबका मूल स्त्रोत है। जब हम इस स्त्रोत के साथ जुड़कर एकत्व के भाव में समाहित हो जाते हैं तो फिर कोई विपरीत भाव मन में उत्पन्न नहीं होता। सतगुरु माता ने समझाया कि आत्ममंथन अथवा भीतर की यात्रा मनोवैज्ञानिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक विषय है। हर समय निरंकार परमात्मा का अहसास रखते हुए अपनी गलतियों को स्वीकार एवं उनका सुधार करना होगा जिससे समर्पण, विनम्रता जैसे दिव्य मानवीय गुण जीवन में सहज ही उतरते चले जायेंगे। इसके पूर्व हरियाणा के माननीय राज्यपाल आशिष कुमार घोष ने अपनी अर्धांगिनी के साथ समागम में पधारकर सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता से आशीर्वाद प्राप्त किए।

#### सेवादल रैली का आयोजन

समागम के दूसरे दिन का शुभारंभ एक भव्य सेवादल रैली से हुआ। इस आकर्षक रैली में पूरे भारतवर्ष एवं दूर देशों से आए हुए सेवादल के बहन-भाईयों ने हजारों की संख्या में भाग लिया। इस रैली में जहां शारीरिक व्यायाम, खेलों एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति द्वारा निःस्वार्थ सेवा भाव अभिव्यक्त किया गया वहां मिशन की शिक्षाओं पर आधारित लघु नाटिकायें भी प्रस्तुत की गई।



खरखौदा। पत्रकारों से रूबरू सांसद दीपेंद्र हुड्डा

### लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ हर महिला को देने का भाजपा का वादा था, तो अब शर्तें क्यों : हुड्डा

**खरखौदा।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 59 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में हरियाणा के सभी नागरिकों का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि हरियाणा दिवस के अवसर पर भाजपा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना लागू कर एक बार फिर प्रदेश की महिलाओं के साथ बड़ा छल किया है। बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि प्रदेश की हर महिला को 2100 रुपए दिए जाएंगे, लेकिन अब यह योजना सिर्फ 5 से 7 लाख महिलाओं तक सीमित कर दी गई है। जब वादा हर महिला से किया था, तो अब शर्तें क्यों लगाई जा रही हैं। भाजपा की गारंटियाँ सिर्फ चुनाव तक चलती हैं, उसके बाद उनकी कोई वारंटी नहीं रहती। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील सरकार है और इसे जनता की तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था हो या प्रशासनिक व्यवस्था हो अफसरशाही बेलगाम है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा खरखौदा हलके के गांव छिनौली में किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ के घर और पूर्व जिला पार्षद सुनील पीपली के यहाँ सामाजिक समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान पूर्व सीपीएस जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र शर्मा, जोगेंद्र दहिया, सुरेंद्र दहिया, अजित सैनी, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

